## भारी बारिश के दौरान राजमार्ग की पैचिंग कब तक चलेगी?



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर घोड़बंदर से अचड़ तक सीमेंट कंक्रीटिंग का काम दो साल पहले शुरू हुआ था; लेकिन इस काम को शुरू करते समय कोई योजना नहीं बनाए जाने के कारण वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके अलावा, ट्रैफिक जाम भी आम बात हो गई है। हालाँकि सीमेंट-कंक्रीट का काम अभी पूरा हो रहा है, लेकिन हाईवे पर फ्लाईओवर का काम न होने के कारण इस फ्लाईओवर पर बड़ी संख्या में गड्ढे हो गए हैं।वर्तमान में, जैसे-जैसे बारिश कम हुई है, हाईवे पर गड्ढों को भरने का काम शुरू किया गया है। नागरिकों के मन में यह सवाल है कि बारिश के दौरान शुरू किया गया यह मरम्मत कार्य कब तक चलेगा। सुहास चिटनिस, राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारी का कहना है कि फ्लाईओवर पर गिर रहे पत्थरों के कारण दुर्घटनाएँ हो रही थीं। इसलिए अब गड्ढों को स्थायी रूप से भरने का काम शुरू किया गया है।

# मुंबई में 51 कबूतरखाने बंद, हाईकोर्ट के आदेश के बाद 100 लोगों का कट गया चालान

**सहायक नगर आयुक्त जयदीप मोरे ने कहा कि हम हाईकोर्ट और राज्य सरकार के आदेशों का पालन करते हुए कार्रवाई कर रहे हैं। हम बस अपना काम कर रहे हैं। नगर निगम ने कबूतरों की बीट से होने वाले गंभीर श्वसन स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला देते हुए 2 अगस्त को इस इलाके को सील कर दिया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 30 जुलाई को अपने आदेश में उल्लंघनकर्ताओं पर जुमार्ना लगाने के अलावा बीएनएस की धारा 271 के तहत एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया था।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र सरकार के निर्देश और बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने दादर कबूतरखाना में कबूतरों को दाना डालने पर आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। मीडिया से बात करते हुए, सहायक नगर आयुक्त जयदीप मोरे ने कहा कि हम हाईकोर्ट और राज्य सरकार के आदेशों का पालन करते हुए कार्रवाई कर रहे हैं। हम बस अपना काम कर रहे हैं। नगर निगम ने कबूतरों की बीट से होने वाले गंभीर श्वसन स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला देते हुए 2 अगस्त को इस इलाके को सील कर दिया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 30 जुलाई को अपने आदेश में उल्लंघनकर्ताओं पर जुमार्ना लगाने के अलावा बीएनएस की धारा 271 के तहत एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया था।अब तक 100 से ज्यादा पर जुर्मानारिपोर्ट्स के अनुसार, दादर कबूतरखाना में कबूतरों को दाना डालने के लिए 100 से ज्यादा लोगों पर 500-500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। चिकित्सा पेशेवरों ने इस कदम का समर्थन करते हुए, सूखे कबूतरों की बीट के कणों को साँस के जरिए अंदर लेने से होने वाली हिस्टोप्लाजमोसिस, एलर्जिक एल्वोलाइटिस और साइटाकोसिस जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों की ओर इशारा किया है। पक्षियों के चारे से भरी 25 से ज्यादा बोरियाँ जब्त की गईं। अस्थायी बाड़ को हटा दिया गया। लगभग 2,000 कबूतरों को सावधानीपूर्वक बक्सों में बंद करके, स्वयंसेवकों और पशु कल्याण कार्यकताओं की मदद से आश्रय स्थलों तक पहुँचाया गया।

### मीरा रोड में क्या हुआ?

पुलिस के अनुसार, महेंद्र पटेल और उनके 46 साल का बेटे प्रेमल पर रविवार की सुबह हमला हुआ। यह घटना मीरा रोड के ठाकुर मॉल के पास डी बी ओजोन बिल्डिंग में हुई। महेंद्र पटेल ने देखा कि ए व्यास नाम की एक 56 वर्षीय महिला बिल्डिंग के कॉमन एरिया में कबूतरों को दाना डाल रही है। पटेल ने उनसे ऐसा करने से मना किया। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा कबूतर आते हैं

फास्ट ट्रैक

## ट्रेन संख्या 12935/36 बांद्रा टर्मिनस-सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस के टर्मिनल को सूरत स्टेशन पर पुनर्स्थापित किया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



यात्रियों की सुविधा के लिए तथा उधना स्टेशन पर चल रहे कार्य के मद्देनजर 7 अगस्त, 2025 से ट्रेन संख्या 12935/12936 बांद्रा टर्मिनस-सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस के टर्मिनेटिंग/ओरिजिनेटिंग स्टेशन को उधना से सूरत स्टेशन पर पुनर्स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 12935/12936 बांद्रा टर्मिनस-सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस उधना स्टेशन पर नहीं रुकेगी। सूरत स्टेशन पर ट्रेन का समय इस प्रकार है:

ट्रेन संख्या 12935 बांद्रा टर्मिनस-सूरत इंटरसिटी एक्सप्रेस उधना स्टेशन के बजाय 10:35 बजे सूरत स्टेशन पर टर्मिनेट होगी।

ट्रेन संख्या 12936 सूरत-बांद्रा टर्मिनस इंटरसिटी एक्सप्रेस उधना स्टेशन के बजाय 16:25 बजे सूरत स्टेशन से ओरिजिनेट होगी होगी।

ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# महाप्रबंधक ने मध्य रेल के 13 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्म वीर मीना ने दिनांक 05.08.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित एक समारोह में मध्य रेल के 13 कर्मचारियों, अर्थात मुंबई मंडल से 1, नागपुर मंडल से 4, सोलापुर और पुणे मंडल से 3-3, और भुसावल मंडल से 2, को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। ये संरक्षा पुरस्कार संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले माह के दौरान ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किए गए। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए एक प्रशस्ति पत्र और 2000/- का नकद पुरस्कार शामिल है।

### पुरस्कार विजेताओं का विवरण

मुंबई मंडल

1. श्री महावीर मीणा, ट्रैक मेंटेनर, लोनावला, मुंबई मंडल, ने दिनांक 24.06.2025 को गश्त के दौरान देखा कि पटरी पर एक पेड़ गिर गया है। उन्होंने तुरंत खतरे का संकेत दिखाया, पटरी पर आ रही ट्रेन को रुकवाया और सभी संबंधितों को सूचित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना टल गई।

नागपुर मंडल

2. श्री चंदू गंगाधर सातपुते, ट्रेन मैनेजर, बल्लारशाह, नागपुर मंडल, ने दिनांक 17.06.2025 को 12670 गंगा कावेरी एक्सप्रेस के कोच इ1 में यात्रा करते समय एक असामान्य आवाज सुनी। उन्होंने तुरंत अलार्म चेन खींची और ट्रेन रोक दी। उन्होंने ट्रेन की जाँच की और नीचे 20 फीट लंबा एक पाइप फंसा हुआ पाया। उन्होंने उसे बाहर निकाला और ट्रेन के रनिंग स्टाफ को सूचित किया। उनकी सतर्कता और तीक्ष्ण बुद्धि ने एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

3. श्री प्रदीप कुमार, स्टेशन प्रबंधक, घुड़नखापा, नागपुर मंडल ने दिनांक 04.06.2025 को एक गुजरती मालगाड़ी के साथ सिग्नल के आदान-प्रदान के दौरान ब्रेक वैन की ओर से 42वें वैगन से चिंगारियाँ निकलती देखीं। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया। अगले स्टेशन पर ट्रेन की





जाँच की गई और पाया गया कि वैगन की फ्लोरिंग शीट टूट गई थी और पहिए उसे पटरियों पर घसीट रहे थे। वैगन को सिक चिह्नित किया गया और उनकी सतर्कता के कारण एक संभावित दुर्घटना टल गई।

4. श्री लिकेश कन्हैयालाल, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू), आमला, नागपुर मंडल ने दिनांक 10.07.2025 को एक मालगाड़ी की रोलिंग-इन जाँच के दौरान देखा कि एक वैगन की ग्रीस सील अपनी जगह से खिसक गई थी और एक्सल बॉक्स बेयरिंग कप टूटी हुई स्थिति में था। वैगन को सिक चिह्नित किया गया और उनकी बारीकी से निगरानी करने के कारण एक संभावित दुर्घटना टल गई।

5. श्री सत्य प्रकाश राजुरकर, हेड कांस्टेबल, बैतूल, नागपुर मंडल, ने दिनांक 16.07.2025 को बैतूल स्टेशन पर देखा कि एक यात्री चलती ट्रेन (ट्रेन संख्या 12804 हजरत निजामुद्दीन-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस) में चढ़ने की कोशिश कर रहा था और इस दौरान गिर गया। उन्होंने तुरंत अपनी जान जोखिम में डालकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। उनकी त्वरित सूझबूझ और कार्रवाई से एक व्यक्ति की जान बच गई।

पुणे मंडल

6. श्री मधुसूदन बाला, स्टेशन प्रबंधक, खड़की, पुणे मंडल, ने दिनांक 09.07.2025 को ड्यूटी के दौरान देखा कि गुजर रही वंदे भारत एक्सप्रेस के लोको पायलट ने 30 किमी प्रति घंटे की गति के सतर्कता आदेश का पालन नहीं किया है। उन्होंने तुरंत ट्रेन के रनिंग स्टाफ और सभी संबंधितों को सूचित किया। उनकी सतर्कता ने एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

7. श्री सूरज लांजेवार, एसी कोच मेंटेनर (इलेक्ट्रिकल), पुणे, पुणे मंडल ने दिनांक 04.07.2025 को ट्रेन संख्या 12130 हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान कोच संख्या इ6, बर्थ संख्या 62 में एसी डक्ट से धुआँ निकलता देखा। उन्होंने तुरंत अलार्म चेन खींची और ट्रेन रोक दी और अग्निशामक यंत्र से धुआँ बुझाया। बारीकी से जाँच करने पर पता चला कि धुआँ एक जलती हुई सिगरेट के कारण निकला था। उनकी सतर्कता और तीक्ष्ण सोच ने एक बड़ी दुर्घटना को टालने में मदद की।

8. श्री महेश तलवार, ट्रैक मेंटेनर, पुणे, पुणे मंडल ने दिनांक 07.07.2025 को ड्यूटी के दौरान देखा कि एक गुजरती मालगाड़ी के इंजन से सातवें वैगन पर लदे स्टील रोल को पकड़ने वाला बेल्ट टूटा हुआ था। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और उनकी सतर्कता ने एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

सोलापुर मंडल

9. श्री लिंगराज कांडे, स्टेशन प्रबंधक, दुधानी, सोलापुर मंडल ने दिनांक 28.06.2025 को एक गुजरती मालगाड़ी के साथ सिग्नल के आदान-प्रदान के दौरान देखा कि इंजन के 14वें वैगन का हैंडल रॉड नीचे लटक रहा है। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और अगले स्टेशन पर समस्या का समाधान कर दिया गया। उनकी सतर्कता और तीक्ष्ण निरिक्षण क्षमता ने एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

10. श्री ललित कुमार, पॉइंट्समैन, सवालगी, सोलापुर मंडल ने दिनांक 10.06.2025 को ट्रेन संख्या 11302 उद्यान एक्सप्रेस के साथ सिग्नल के आदान-प्रदान के दौरान देखा कि कोच संख्या इ2 के एक्सल बॉक्स कवर के 2 बोल्ट निकल गए थे और बॉक्स खुला था। उन्होंने तुरंत सभी संबंधितों को सूचित किया और उनकी सतर्कता ने एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

11. श्री शुभम भोयार, तकनीशियन (सी एंड डब्ल्यू), वाडी, सोलापुर मंडल ने दिनांक 09.06.2025 को यार्ड में एक मालगाड़ी की जाँच के दौरान एक वैगन की सीबीसी योक फ्रंट फॉलोअर प्लेट टूटी हुई अवस्था में देखी। वैगन को सिक चिह्नित किया गया और उनकी बारीकी से निगरानी के कारण एक संभावित दुर्घटना टल गई।

भुसावल मंडल

12. श्री प्रदीप बर्डे, लोको पायलट, भुसावल, भुसावल मंडल ने दिनांक 11.06.2025 को ट्रेन संख्या 11025 पुणे-अमरावती एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान देखा कि तूफान के कारण पटरियों पर एक पेड़ गिर गया है। उन्होंने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए, ट्रेन रोकी और कुछ यात्रियों की मदद से गिरे हुए पेड़ को हटाया। सभी संरक्षा सावधानियों का पालन करते हुए ट्रेन आगे बढ़ी। उनकी सतर्कता और तीक्ष्ण सोच ने एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

13. श्री मंगेश रामटेके, ट्रैक मेंटेनर, बडनेरा, भुसावल मंडल ने दिनांक 02.07.2025 को ड्यूटी के दौरान किलोमीटर 662/11-12 पर एक रेल फ्रैक्चर देखा। उन्होंने तुरंत ट्रैक की संरक्षा की और सभी संबंधितों को सूचित किया और इस प्रकार एक संभावित दुर्घटना को टालने में मदद की।

पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए और उनके कर्तव्यों के प्रति उनकी सतर्कता और समर्पण की सराहना करते हुए, महाप्रबंधक ने कहा कि सतर्कता और समर्पण के ऐसे कार्य दूसरों को यात्रियों की संरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने और जान-माल और रेल संपत्ति की हानि को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर श्री प्रतीक गोस्वामी, अपर महाप्रबंधक, श्री चंद्र किशोर प्रसाद, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, अन्य प्रधान विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## वसई विरार में शिवसेना (उबाठा) को तगड़ा झटका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्पना और देवेंद्र फडणवीस के कार्यों से प्रेरित होकर, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के पूर्व जिला प्रमुख पंकज देशमुख, पूर्व नगरसेवक एवं उप जिला प्रमुख किशोर पाटिल, ' बहुजन विकास आघाड़ी' के पूर्व नगरसेवक नितिन ठाकुर सहित 14 पदाधिकारियों और 150 प्रमुख कार्यकताओं ने भाजपा का झंडा थाम लिया। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं रविंद्र चव्हाण की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर विधायक विक्रांत पाटिल, संगठन महामंत्री माधवीताई नाइक, वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित, भाजपा वसई विरार जिला अध्यक्ष प्रज्ञा ताई पाटिल, महेंद्र पाटिल, मनोज बारोट, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। भाजपा में शामिल होने वाले सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को बधाई। उनके प्रवेश से वसई-विरार नगर निगम क्षेत्र में पार्टी की संगठनात्मक ताकत बढ़ेगी।

## पश्चिम रेलवे ने अप्रैल से जुलाई, 2025 के दौरान गहन टिकट

**जांच अभियानों से प्राप्त किया गया लगभग 71 करोड़ का जुर्माना**

**एसी उपनगरीय लोकल से 93 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना प्राप्त किया गया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा सभी वैध यात्रियों को सुगम, आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, पैसेंजर ट्रेनों तथा हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की देखरेख में टिकट जांच दलों द्वारा अप्रैल से जुलाई 2025 की अवधि में विविध टिकट जांच अभियानों के माध्यम से कुल 70.98 करोड़ की राशि प्राप्त की गई, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 24% अधिक है, साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से 11% अधिक है। इस राशि में मुंबई उपनगरीय खंड से प्राप्त 19.55 करोड़ की राशि भी शामिल है।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जुलाई 2025 के दौरान बिना टिकट/अनियमित यात्रा तथा बिना बुक किए गए सामान से जुड़े 2.22 लाख मामलों का पता लगाकर 12.19 करोड़ की वसूली की गई, जो पिछले वर्ष के जुलाई के आंकड़ों की तुलना में 134% अधिक है। साथ ही, मुंबई उपनगरीय खंड पर लगभग 92 हजार मामलों का पता लगाकर प्राप्त किया गया 3.65 करोड़ का जुमार्ना भी शामिल है। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए लगातार औचक टिकट जांच अभियान भी चलाए जा रहे हैं। एसी लोकल में केंद्रित अभियानों के परिणामस्वरूप, अप्रैल से जुलाई 2025 के दौरान 28 हजार से अधिक अनधिकृत यात्रियों को दंडित किया गया और उनसे 93.40 लाख रुपये जुमार्ने के रूप में प्राप्त किए गए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 58% अधिक है।ऐसे उल्लेखनीय परिणाम अनधिकृत यात्रा पर अंकुश लगाने, यात्री अनुभव को बेहतर बनाने और सार्वजनिक राजस्व की सुरक्षा के लिए पश्चिम रेलवे की प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं।

## फर्जी डॉक्टरों की तलाशी अभियान तेज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





वसई विरार शहर में फर्जी डॉक्टरों की तलाशी अभियान तेज हो गया है। हाल ही में, नगर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने नालासोपारा में एक फर्जी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की है। फर्जी डॉक्टर का नाम मोहम्मद नसीम खान है और उसके खिलाफ तुलिंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पिछले कुछ सालों से, फर्जी डॉक्टरों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अपने क्लीनिक स्थापित करना शुरू कर दिया है। नगर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे फर्जी डॉक्टरों पर नकेल कसने के लिए अभियान चलाया है। हाल ही में, उन्होंने नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में दो टीमों का गठन किया था और जांच शुरू की थी। इस बीच, नालासोपारा पूर्व के संतोष भवन क्षेत्र में स्थित ₹तस्नीम हेल्थ केयर₹ नामक एक अवैध क्लिनिक पर छापा मारा गया। इस बार, नगर चिकित्सा विभाग ने कहा है कि डॉक्टर को बिना किसी लाइसेंस के एलोपैथिक उपचार प्रदान करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था।इस फर्जी डॉक्टर का नाम मोहम्मद नसीम खान है उसके क्लिनिक से बड़ी संख्या में एलोपैथिक दवाइयाँ, इंजेक्शन और चिकित्सा उपकरण जब्त किए गए हैं। इस मामले में, नगरपालिका के बिलालपाड़ा प्राथमिक नागरिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. शाहीन शेख की शिकायत पर तुलिंज पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत फर्जी डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भक्ति चौधरी ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में अब तक 31 फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। नगरपालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत और अधिकृत डॉक्टरों से ही इलाज करवाएँ और किसी भी संदिग्ध चिकित्सा गतिविधि की तुरंत स्वास्थ्य विभाग या पुलिस को सूचना दें।

## महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों का रास्ता साफ, सुप्रीम कोर्ट ने 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के साथ दी मंजूरी

**महाराष्ट्र में अब इस साल के अंत में स्थानीय निकाय चुनावों के होने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब मुंबई समेत राज्य की तमाम बड़ी नगर निगमों और पालिकाओं के साथ जिल पंचायत के चुनाव होंगे। राज्य में ये चुनाव तीन साल से लटके हुए थे।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में 2022 से अटके स्थानीय निकाय चुनावों का सुप्रीम कोर्ट ने रास्ता साफ कर दिया है। महाराष्ट्र में मुंबई के बीएमसी चुनावों के साथ लोकल बॉडी पोल्स नई वार्डबंदी के साथ होंगे। इन चुनावों में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण भी लागू होगा। सोमवार को एक अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में स्थानीय निकाय के चुनावों से जुड़ी अंतिम बाधा को भी दूर कर दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चुनावों में 27 फीसदी आरक्षण को स्वीकृति देने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने शीर्ष अदालत के इस निर्देश के लिए सराहना की है। गौरतलब हो कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर राजनीति गरमाई हुई। सभी की नजरें मुंबई बीएमसी चुनावों पर लगी हुई हैं। स्थानीय निकाय चुनाव तीन चरण में होने की उम्मीद है। मुंबई में अंतिम फेस में वोटिंग के आसार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिकाराजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव मिनी-विधानसभा चुनावों से कम नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण और नई वार्ड रचना के साथ चुनावों को मंजूरी दे दी है।

### शर्ट की फोटो, हर शख्स अंजान

**434 करोड़ की एमडी ड्रग्स में खुलासा**

मुंबई : कर्नाटक के मैसूर में 434 करोड़ रुपए की ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। यह ड्रग तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई है।

**मध्य रेल**

सोलापुर मंडल

**विद्युत कार्य**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी और से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेलवे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.:- सोला/क.वि./मि/2024/16R2, दि. 05.08.2025. कार्य का नाम**: निम्नलिखित संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य **(1)** मुख्य रेल पथ निरीक्षक / दूधनी के अधीन सोलापुर से अक्कलकोट रोड तक। **(2)** मुख्य रेम पथ निरीक्षक / दुधनी के अधीन अक्कलकोट रोड मे दूधनी तक। **(3)** मुख्य रेल पथ निरीक्षक / कलबुर्गी के अधीन (दूधनी में हुन्सिह्डगिल तक) भाग-1. **(4)** मुख्य रेल पथ निरीक्षक / कलबुर्गी के अधीन (हुन्सिह्डगिल से हिरेनंदूर तक ) भाग-2. और **(5)** मुख्य रेल पथ निरीक्षक / शाहबाद के अधीन ट्रैक के किनारे सुरक्षा बाह (एसबीवी और फिक्स्डक्स्ड नॉट बाड) का प्रावधान। (पुनर्निविदा)। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु 1,29,85,304.22. **बयाना राशि**: रु 2,14,900/-. **कार्य पुरा करन की अवधि**: 12 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता**: 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय**: दि. 28.08.2025 को 15:00 बजे।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी), मध्य रेल, सोलापुर

AK/Sur-54

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/89/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई– खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाए आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देश के लिए वेबसाईट "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र सं. | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा की मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81246261 | 6mm थिक नायलॉन कॉर्ड Reinforced GRSP फॉर प्लेसिंग बिनीथ rails. | 2191 सेट | 19.08.2025 |
| 2 | 20244074A | AOH/ IOH/POH/ किट. | 373 सेट | 21.08.2025 |
| 3 | 20254115 | सिलिंड्रिकल रोलर axle बॉक्स बिअरिंग यूनिट | 236 नंबर | 29.08.2025 |
| 4 | 30251100 | ब्रेक बीम. | 1830 नंबर | 01.09.2025 |
| 5 | 30251146 | FRP विंडो असेंबली (2" वाइड). | 2411 नंबर | 11.09.2025 |
| 6 | 61252455 | Vinyl कोटेड uphlostery फेब्रिक फॉर नॉन /AC कोचेस. | 48022 मीटर | 15.09.2025 |
| 7 | 38251678 | एयर hose कपलिंग सपोर्ट | 45320 नंबर | 22.09.2025 |

**50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।**

(हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## वनतारा से महादेवी को वापस लाने मांग, कोल्हापुर की सड़कों पर आए हजारों लोग

**महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के नंदनी में एक जैन मठ में रही महादेवी को गुजरात के जामनगर में वनतारा के वन्यजीव पुनर्वास केंद्र में ट्रांसफर किया गया। यह कोर्ट के आदेश के बाद किया गया। वनतारा ने महादेवी को कोल्हापुर के मठ से जामनगर स्थित अपने केंद्र में स्थानांतरित करने की पहल या अनुरोध नहीं किया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



कोल्हापुर : महाराष्ट्र की महादेवी इन दिनों चर्चा में है। यह महादेवी एक हथिनी है, जो अनंत अंबानी के वनतारा में रह रही है। उसे वनतारा भेजने का विरोध हो रहा है। लगातार कोल्हापुर में प्रदर्शन हो रहे हैं। अब शिरोल तहसील के नंदनी से कोल्हापुर शहर में कलेक्टर ऑफिस तक हजारों लोगों ने 45 किलोमीटर की पदयात्रा की। पदयात्रा के बाद लोगों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में गुजरात के जामनगर से हाथी महादेवी को नंदनी जैन मठ में वापस लाने की मांग की गई। अब इस मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हस्तक्षेप किया है। मामले को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने अमरावती में घोषणा की कि वह सभी संबंधित लोगों को बातचीत के लिए बुलाएंगे। इस मुद्दे का हल निकाला जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि नंदनी मठ के भक्त नाराज हैं।

## राज्य सरकार का आधिकारिक यात्री ऐप चलाएगा एसटी निगम - प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , राज्य सरकार का आधिकारिक यात्री ऐप, जो वाहन चालकों को सम्मानजनक पारिश्रमिक और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा की गारंटी देता है, एसटी निगम के माध्यम से जल्द ही लॉन्च किया जा रहा है। यह जानकारी परिवहन मंत्री और एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने दी। वे मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में केंद्र और राज्य सरकारों की समग्र नीति के अधीन, राज्य सरकार के यात्री ऐप के अंतिम मसौदे पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। इस बैठक में विधायक प्रवीण दरेकर, परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी, परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार, एसटी निगम के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. माधव कुसेकर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री सरनाईक ने कहा कि राज्य सरकार ने बस, रिक्शा, टैक्सी और ई-बस सेवाओं के लिए एक आधुनिक तकनीक-आधारित यात्री ऐप लॉन्च करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य मराठी युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें भारी मुनाफा कमाकर यात्रियों व चालकों का शोषण करने वाली निजी कंपनियों के चंगुल से मुक्त कराना है। यह ऐप राज्य सरकार के परिवहन विभाग के सहयोग से एसटी महामंडल के माध्यम से लॉन्च किया जाएगा। मंत्री सरनाईक ने जोर देकर कहा कि भविष्य में एसटी महामंडल के लिए आय का एक नया स्रोत बनाने और यात्रियों को एक विश्वसनीय सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से एसटी महामंडल द्वारा इस सरकारी ऐप का संचालन करना उचित होगा। बैंक के अध्यक्ष विधायक प्रवीण दरेकर ने आश्वासन दिया कि एसटी निगम द्वारा संचालित राज्य सरकार के आधिकारिक ऐप के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त करने वाले मराठी युवाओं को मुंबई बैंक के माध्यम से विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इन युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए, मुंबई बैंक के माध्यम से वाहन खरीदने के लिए 10 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा।

# मेवा संस्था के हाफिज आरिफ अंसारी अध्यक्ष, आफताब शेख महासचिव निर्वाचित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मुस्लिम एजुकेशनल एंड वेलफेयर एसोसिएशन ( मेवा ) राबोड़ी की 25वीं वार्षिक बैठक अंजुमन-ए-खानदेश कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से संस्था की नई प्रबंध कार्यकारिणी व सलाहकार समिति का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में हाफि ज मोहम्मद आरिफ अंसारी को लगातार छठी बार अध्यक्ष चुना गया, जबकि आफताब शेख को दूसरी बार महासचिव और अब्दुस सईद शेख को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद इस्माइल नेरेकर, हमीदुल्लाह शेख और मकसूद बापे का चयन किया गया। वहीं, शौकत शेख, अकरम खान और जमीर अहमद सिद्दीकी को उप महासचिव नियुक्त किया गया।प्रबंध परिषद में सय्यद अब्बास अली, अजमत जमाल आजमी, फारूक पटेल, फारूक खत्री, सय्यद उस्मान पीर, जमील मुनीर खान, मुस्तफा खान, अब्दुर रहीम शेख, सरफराज शेख और मोहम्मद अदनान शेख शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में मोहम्मद इकबाल शेख, शहाबुद्दीन शेख, तोहिद तहसीलदार, डॉ. मुश्ताक सय्यद, अजीम अयाजुद्दीन शेख, इमरान अमानुल्ला मुल्ला और अरशद सिद्दीकी के नाम उल्लेखनीय हैं। सलाहकार समिति के लिए अजमईन अहमद शेख, कबीरुद्दीन शेख, डॉ. असद मन्यार और अल्ताफ घावते का चयन किया गया। मेवा की स्थापना वर्ष 1997 में राबोड़ी की दस प्रमुख धार्मिक, शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाओं तथा विभिन्न विचारधाराओं से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियों को एक मंच पर लाकर की गई थी। इस समावेशी विचारधारा ने संस्था को ₹संस्थाओं की संस्था₹ का स्वरूप प्रदान किया और मेवा को न केवल ठाणे बल्कि पूरे महाराष्ट्र में एक विशिष्ट और प्रतिष्ठित पहचान दिलाई। संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में मेवा हर वर्ष गडकरी रंगायतन सभागार में शिक्षाविद् डॉ. मुबारक कापड़ी के मार्गदर्शन में शैक्षणिक शिविर का आयोजन करती है, जिससे हजार से अधिक एसएससी छात्र-छात्राओं को लाभ मिलता है। चिकित्सा क्षेत्र में ₹मेवा मेडिकल सेंटर₹ के माध्यम से दंत चिकित्सा, नेत्र रोग, स्त्री रोग, फिजियोथेरेपी आदि के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराती है। इसके अलावा संस्था द्वारा मेवा पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर का भी सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। संस्था की नई कार्यकारिणी ने पूर्ववर्ती सेवाओं को और अधिक विस्तार देने तथा नई पीढ़ी के मार्गदर्शन एवं जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा देने का संकल्प लिया है।

फास्ट ट्रैक

## बाढ़ पीड़ितों की मदद में जुटा राष्ट्रवादी मंच

### हरसिंहपुर और मल्लेपुर में वितरित किए राहत सामग्री

मिर्जापुर,बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रवादी मंच द्वारा राहत सेवा अभियान चलाया गया है। कोन विकास खंड के हरसिंहपुर और मल्लेपुर में पीड़ितों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में राष्ट्रवादी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। मनोज दमकल, आनंद अग्रवाल, अमित पांडेय, गणेश तिवारी, लकी यादव, आशीष पांडे, मनीष यादव और महेश तिवारी भी इस अभियान में शामिल रहे। राहत टीम ने हरसिंहपुर, मल्लेपुर, तिलठी और आसपास के अन्य गांवों में जाकर जरूरतमंदों को सहायता सामग्री पहुंचाई। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि आपदा के समय में सभी को मानवता के नाते सेवा कार्य में आगे आना चाहिए। सेवा अभियान के दौरान टीम मझरा कुटी भी पहुंची। वहां वर्षों से चल रहे अखंड रामायण पाठ के आयोजकों से भेंट की गई। बाढ़ की विषम परिस्थिति में भी रामायण पाठ जारी रखने के लिए मनोज श्रीवास्तव ने आयोजकों की सराहना की। टीम ने दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और वहां मौजूद जरूरतमंदों को भी राहत सामग्री वितरित की।



## गायमुख घाट में यातायात जाम की समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पंचाल ने किया दौरा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,यातायात जाम की समस्या को जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पंचाल ने ठाणे घोड़बंदर रोड पर गायमुख घाट में हो रही यातायात समस्या के संबंध में आवश्यक कदम उठाने हेतु तत्काल स्थल निरीक्षण किया। उनके साथ यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट, निवासी उप जिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, प्रांतीय आयुक्त उर्मिला पाटिल, ठाणे मनपा के नगर अभियंता प्रशांत सोनगरा, कार्यकारी अभियंता संजय कदम, तहसीलदार उमेश पाटिल, लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता संजीव वानखेड़े, शाखा अभियंता प्रसाद सांगर और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। स्थल निरीक्षण के बाद, जिलाधिकारी पांचाल ने इस पर विस्तार से चर्चा करने और अगली कार्ययोजना तैयार करने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय के समिति हॉल में सभी संबंधित अधिकारियों की देर रात बैठक ली। इस अवसर पर अतिरिक्त जिलाशिकारी हरिश्चंद्र पाटिल, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटिल, मीरा भयंदर यातायात पुलिस निरीक्षक सागर इंगोले और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। जिलाधिकारी पांचाल ने कहा कि सड़क मरम्मत, यातायात भीड़भाड़ से संबंधित उपायों को लागू करने के लिए शुक्रवार, 8 अगस्त से सड़क यातायात आंशिक रूप से अवरुद्ध रहेगा। लोक निर्माण विभाग, मीरा-भायंदर निर्माण विभाग, ठाणे मनपा निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, क्षेत्रीय परिवहन विभाग, वन विभाग जैसे सभी विभाग आपस में आवश्यक समन्वय बनाए रखें और हर हाल में अगले पंद्रह दिनों के भीतर मिलकर इस समस्या का समाधान करें। इस दौरान, जिलाधिकारी पंचाल ने निर्देश दिए कि बारिश, वाहनों के आवागमन आदि की सभी संभावित स्थितियों के अनुसार तुरंत आवश्यक उपाय किए जाएँ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ये सभी कार्य सड़क सुरक्षा समिति के साथ समन्वय स्थापित करके और दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय अपनाकर किए जाएँगे।

## मनपा ने कृत्रिम तालाब में मूर्ति विसर्जन को दी प्राथमिकता



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, छह फीट तक की सभी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम तालाब में किया जाएगा। जबकि, छह फीट से अधिक ऊँचाई वाली प्रतिमाओं का विसर्जन प्राकृतिक जल स्त्रोतों में किया जा सकेगा। इसी के चलते, कृत्रिम तालाब और मोबाइल विसर्जन व्यवस्था को बढ़ा दिया गया है। मनपा की ओर से बताया है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष डेढ़ गुना अधिक विसर्जन व्यवस्था की जा रही है।आइए, हम गणेशोत्सव, जिसे राजकीय उत्सव का दर्जा दिया गया है, को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उसी उत्साह के साथ मनाएँ। आयुक्त सौरभ राव ने इस तरह अपील की है। उन्होंने कहा कि गणपति बप्पा के आशीर्वाद से यह उत्सव सुचारू रूप से मनाया जाए और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जाए। मनपा की ओर से मंगलवार को मनपा मुख्यालय स्थित स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव 2025 के आयोजन हेतु एक बैठक आयोजित की गई। मनपा आयुक्त सौरभ राव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में गणेशोत्सव मंडलों, विक्रेताओं के प्रतिनिधियों, मनपा के अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, पुलिस उपायुक्त प्रशांत कदम, पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट, मनपा उपायुक्त मनीष जोशी, शंकर पटोले, मधुकर बोडके, दिनेश तायडे, सचिन सांगले, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान के साथ मनपा, महावितरण, टोरेंट पावर, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उच्च न्यायालय के आदेश और कृत्रिम तालाबों की ओर बढ़ते रुझान को ध्यान में रखते हुए मनपा ने इस वर्ष विसर्जन की अतिरिक्त व्यवस्था की है। आयुक्त राव ने स्पष्ट किया कि प्रभाग समिति और पुलिस स्टेशन स्तर पर आयोजित गणेशोत्सव मंडलों की बैठकों में यदि और सुझाव प्राप्त होते हैं, तो उन्हें भी विसर्जन व्यवस्था में शामिल किया जाएगा। गणेश भक्तों का उत्साह बढ़ रहा है और साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है। पिछले वर्ष की गई मोबाइल विसर्जन व्यवस्था का नागरिकों ने स्वागत किया। इसलिए, इस वर्ष टीमों की संख्या बढ़ाकर 15 कर दी गई है, ऐसा आयुक्त राव ने भी बताया। इस वर्ष कुल 132 स्थानों पर विसर्जन व्यवस्था की जाएगी, जिनमें 24 कृत्रिम तालाब, 74 तालाब विसर्जन व्यवस्था, 15 मोबाइल विसर्जन व्यवस्था, 09 घाट विसर्जन व्यवस्था और 10 मूर्ति स्वीकृति केंद्र शामिल हैं। पिछले वर्ष कुल 88 विसर्जन व्यवस्थाएँ थीं।

## भटवारी दिघिया पर खाद के लिए लाइन में लगे किसान

### जिला कृषि अधिकारी ने समिति का निरीक्षण कर, 50 किसानों को कराया खाद वितरण

मिर्जापुर, हलिया में जिलाधिकारी के आदेश पर स्थानीय विकासखंड के भटवारी दिघिया साधन सहकारी समिति का मंगलवार को निरीक्षण किया गया। जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव और एडीएसओ रणेन्द्र सिंह ने समिति पर उपस्थित 50 किसानों को डीएपी और यूरिया का वितरण किया। अधिकारियों ने समिति सचिव रमाशंकर मौर्य को सभी उपस्थित किसानों को खाद देने के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि समिति के गोदाम में 200 बोरी डीएपी, 349 बोरी एनपीके तथा 285 बोरी यूरिया का स्टॉक मौजूद है। वितरण प्रक्रिया में 50 किसानों को खतौनी और आधार कार्ड के आधार पर ई-पास मशीन से अंगूठा लगाकर खाद दी गई। जिला कृषि अधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों की आवश्यकता अनुसार सभी प्रकार के उर्वरक उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद के साथ किसी प्रकार की टैगिंग ( खाद के साथ कोई लिक्विड या अन्य सामान ) नहीं की जाएगी। अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि कोई खाद विक्रेता ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाही की जाएगी। खाद प्राप्त करने के बाद



## उल्हासनगर के बालकन जी बारी ट्रस्ट में निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. मंगलवार 5 अगस्त को उल्हासनगर के बालकनी जी बारी ट्रस्ट स्कूल में निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। उक्त मेडिकल कैंप का आयोजन बालकनी जी बारी ट्रस्ट, जय झूलेलाल संघर्ष सेवा समिति, उल्हासनगर महानगरपालिका सुपर स्पेशलिटी रुग्णालय, तथा सत्य साई प्लेटिनम हॉस्पिटल की तरफ से संयुक्त रूप से किया गया।सुगर, बीपी, ई.सी.जी. ऑक्सीजन लेवल, सामान्य चेकअप निःशुल्क हुए। गंभीर रोगियों को सत्य साइन प्लैटिनम तथा उल्हासनगर महानगरपालिका सुपर स्पेशलिटी रुग्णालय में रेफर किया गया। मेडिकल कैंप में अनेक गणमान्य व्यक्ति पहुंचे जिमें अजीत माखीजानी टीम,लखी नाथानी,सुनील रोचलानी,जय रोचलानी ब्रदर्स, प्रकाश चांगलानी चंद्र हरदासी,नरेश रामचंदानी आदि ने उपस्थिति दर्ज की। मेगा मेडिकल कैंप में 200 से अधिक पेशेंट ने लाभ उठाया।आए हुए सभी मेहमानों और डॉक्टरों का स्वागत जय झूलेलाल संघर्ष सेवा समिति के तरफ से किया गया। आयोजन समिति की ओर से बालकन जी बारी टेस्ट की मोहन साधवाणी,जया साधवानी,एकता साधवाणी का आभार व्यक्त किया गया।आयोजन समिति से दीपक रंगीला, किशोर साजनानी,बंटी सुखेजा,दिलीप आहूजा, सुरेश रोचलानी, हरेश मंगतानी, गोप पंजाबी, कुमार भक्तानी, विनय खत्री,व अन्य सदस्यों ने इस मेडिकल कैंप को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई

# दियूनी से पानी छोड़े जाने के बाद शाहजहांपुर में अलर्ट

### एडीएम ने किया निरीक्षण, 71 चौकियां बनाईं, 60 राहत शरणालय चिन्हित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, दियूनी बांध से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। एडीएम अरविंद कुमार ने नदी से सटे मोहल्ले और कालोनियों का भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर राहत शिविरों की जानकारी दी। प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए 71 बाढ़ चौकियां बना दी हैं।इन चौकियों पर कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। मंगलवार रात तक शाहजहांपुर में पांच मोटर बोट और दस नावें पहुंच जाएंगी। बाढ़ से संबंधित सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। पिछले साल आई भीषण बाढ़ में नदी से सटे मोहल्ले और कालोनियों में काफी नुकसान हुआ था। इसे देखते हुए एडीएम ने अधिकारियों के साथ इंदिरानगर कालोनी, अक्षरधाम कालोनी, लोधीपुर पटी गली और दनियापुर समेत कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। प्रभावित लोगों के लिए कई राहत शिविर बनाए गए हैं। इंदिरानगर और अक्षरधाम कालोनी के लोगों के लिए गुरुनानक पाठशाला हाईस्कूल में, लोधीपुर के प्रभावितों के लिए एनटीआई स्कूल में, और दनियापुर, उटहा, चौढ़ेरा, गुवारी, सुजातपुर और शाहबाजनगर के लोगों के लिए अटल बिहारी इंटर कालेज में राहत शिविर बनाए गए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में 60 राहत शरणालय चिन्हित कर लिए गए हैं। तहसील कलान में 16 और जलालाबाद में 12 नावें तैनात की गई हैं। सिंचाई विभाग ने आठ बाढ़ सुरक्षा समितियां बनाई हैं जो बांधों पर निगरानी रखेंगी। इसके अलावा 11 पशु शिविर भी चिन्हित किए गए हैं। एडीएम ने बताया कि बाढ़ की आशंका को देखते हुए शासन ने पहले से ही एक पीएसी टीम को उपकरणों के साथ शाहजहांपुर भेज दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बाढ़ आने पर उससे निपटने के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। बता दें कि सोमवार को डीएम ने बताया था कि दियूनी बांध से 6500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जो अगले 72 घंटे में गर्रा नदी में पहुंचेगा। नदी का पांच से छह फुट जलस्तर बढ़ सकता है।

फिर भी बाढ़ जैसी कोई स्थिति नही बनेगी। क्योंकि पानी आने के बाद भी नदी खतरे के निशान से करीब तीन मीटर नीचे रहेगी।

## दहेज में 2 लाख और मोटरसाइकिल की मांग

### जलालाबाद की नवविवाहिता को ससुराली जनों ने मारपीट कर घर से निकाला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुनारा की नवविवाहिता फरजाना पुत्री छैलू ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। फरजाना ने थाना जलालाबाद में शिकायत दर्ज कराई। फरजाना की शादी 24 मई 2025 को ग्राम इकलहरा, थाना कम्पिल, जिला फरुर्खाबाद निवासी हासिम पुत्र भूरे के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में फरजाना के माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दहेज दिया था। फरजाना के अनुसार, उसके ससुराल वाले अब उससे 2 लाख रुपये और एक मोटरसाइकिल की मांग कर रहे हैं। उन्होंने धमकी दी कि अगर वह यह दहेज नहीं लाएगी तो उसे घर में नहीं रहने देंगे। पीड़िता ने बताया कि उसके ससुर भूरे, पति हासिम, जेठ आमीन, देवर उजाले, सास मोहब्बरी और नंद खजीता सभी मिलकर उसके साथ मारपीट करते हैं। उसके साथ मारपीट की गई और उसके बाद उसके पति ने उसे कोला मोड पर छोड़ दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित कर डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने मनाया जन्मदिन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे ,राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरदचंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जितेंद्र आव्हाड का जन्मदिन ठाणे और मुंबई में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन के अवसर पर आज 5 अगस्त को ठाणे के डॉ. काशीनाथ घाणेकर सभागृह में एक छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। वहीं उनके निर्वाचन क्षेत्र मुंब्रा में विविध सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम आयोजित का उनका भव्य सत्कार किया गया। पूरे शहर उनके स्वागत के लिए लगी होर्डिंग और जगह जगह स्वागत किए जाने से जश्न का माहौल बना हुआ था।राकांपा के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड के जन्मदिन के अवसर पर, ठाणे और उनके मुंब्रा कौसा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें महिलाओं के लिए सिलाई मशीनें, मोबाइल, टैब, लैपटॉप, 10 वीं और 12 वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए आगे की शिक्षा हेतु सहायता, स्वास्थ्य शिविर और दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर वितरण शामिल थे। साथ ही, क्षेत्र के हजारों नागरिकों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए, विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए आवश्यक निवास प्रमाण पत्र, वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र छात्रों और नागरिकों को वितरित किए गए। डॉ. जितेंद्र आव्हाड के जन्मदिन पर लागू की गई इस पहल से असंख्य नागरिकों को लाभ मिला। मुंब्रा कलवा राकांपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष व मनपा परिवहन समिति के पूर्व सदस्य शमीम खान और पूर्व नगर सेवक अशरफ शानू पठान ने सय्यद अली अशरफ भाई साहब के मार्गदर्शन में शिविर और स्वागत समारोह का आयोजन किया। जिसमें विविध क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने उपस्थित रहकर अपने चाहते विधायक डॉ आव्हाड का स्वागत करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। शिविर विद्यार्थियों और नागरिकों को विविध प्रकार प्रमाण पत्र वितरित किए। विद्यार्थियों को कम्प्यूटर , लैपटॉप, मोबाइल आदि शिक्षा सामग्री वितरित कर सम्मानित किया गया।

## 22 दिन पहले बनी सड़क बही

- 26 लाख की लागत से बनी थी, 14 जुलाई को हुआ था उद्घाटन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, कुछ घंटों की बारिश के बाद एक महीने पहले बना मार्ग धंस गया। मीरवैश्यपुर से खुटरिया तक का यह मार्ग 26 लाख रुपए की लागत से बनाया गया था।इस मार्ग का लोकार्पण 14 जुलाई को किया गया था। मार्ग धंसने के फोटो सामने आए हैं। इनने स्पष्ट है कि रोड निर्माण में गुणवत्ता के साथ समझौता किया गया। मंडी विभाग के अवर अभियंता का कहना है कि उस जगह से पानी का निकास होता है। पाइप में कुछ कमी रही होगी, जिसकी मरम्मत जल्द करा दी जाएगी। ददरौल विधानसभा क्षेत्र में बना यह मार्ग लगभग 1.9 किलोमीटर लंबा है। इसका लोकार्पण किया गया था और लोकार्पण का बोर्ड भी लगाया गया था। बोर्ड पर यह भी बताया गया था कि मार्ग बनवाने की जिम्मेदारी मंडी विभाग को दी गई थी। बारिश के बाद इस मार्ग पर एक जगह सड़क धंस गई। मार्ग के बीच गड्ढा हो गया और अंदर की मिट्टी दिखने लगी। स्थानीय प्रधान ने इसकी जानकारी मंडी विभाग के अवर अभियंता भारत अग्रवाल को दी। अग्रवाल ने बारिश रुकते ही मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है। अग्रवाल का कहना है कि पूरी रोड ठीक बनी है। उनके अनुसार जिस जगह पर सड़क धंसी है, वहां पानी की निकासी है। रोड बनवाते समय पाइप डाले गए थे। रोड धंसने से लगता है कि पाइप में कुछ कमी रही होगी। बारिश रुकते ही पाइप डलवाकर उसकी मरम्मत कराई जाएगी।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

